Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें


ई मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-244 सागवाड़ा, गुरुवार, 19 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# एसडीएम सहित 22 कार्मिकों को बंधक बनाने के मामले में भाजपा का प्रदर्शन

## विधायक गणेश घोघरा को पद से हटाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एडीएम को ज्ञापन



**डूंगरपुर।** डूंगरपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सुरपुर में ग्रामीणों और विधायक द्वारा एसडीएम सहित 22 कार्मिकों को बंधक बनाने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विधायक गणेश घोघरा को पद से हटाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या ने बताया कि शिविर में राजकीय कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें भवन के अंदर बंद कर ताला लगा देना डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा का गैर जिम्मेदाराना कृत्य है। पंड्या ने कहा कि जिस विधायक को अपनी सरकार एवं अपने सरकारी तंत्र पर भरोसा नहीं है ऐसे विधायक को अपने पद पर रहने का भी कोई अधिकार नहीं है। जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या ने कहा कि डूंगरपुर विधायक अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए और अपना जनाधार गिरता देख डूंगरपुर की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। प्रभु पंड्या ने गणेश घोघरा द्वारा दिए गए इस्तीफे को भी एक नाटक बताया और कहा कि अगर उन्हें इस्तीफा देना ही था तो विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल को अपना इस्तीफा भेजते। पूरे मामले में भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि विधायक गणेश घोघरा राजकीय कर्मचारियों से माफी मांगे वही भाजपा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विधायक गणेश घोघरा को पद मुक्त करने की मांग भी की है।

## विधायक घोघरा की हरकत से कांग्रेस पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ

### कांग्रेस के प्रधान देवराम रोत और पूर्व प्रधान राधादेवी घटिया ने अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना को गलत बताया



**डूंगरपुर।** जिले में एसडीएम तथा अन्य सरकारी कार्मिकों को बंधक बनाने के मामले में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। मामले को लेकर भाजपा के बाद अब कांग्रेस के कुछ नेता भी विधायक गणेश घोघरा के विरोध में उतर आए हैं। इसी कड़ी में डूंगरपुर विधानसभा की बिछीवाड़ा पंचायत समिति से कांग्रेस प्रधान देवराम रोत और डूंगरपुर के पूर्व विधायक लाल शंकर घटिया की पत्नी एवं पूर्व प्रधान राधा देवी घाटिया ने प्रेस वार्ता आयोजित की।

सर्किट हाउस में आयोजित हुई प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधान देवराम रोत और पूर्व प्रधान राधादेवी घटिया ने अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना को गलत बताया। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन दोनों एक सिक्के के दो पहलू है और इस घटना के बाद शासन और प्रशासन के बीच दरार पैदा हो गई है जिससे सरकार की योजनाओं को धरातल पर लागू करने में मुश्किलें पैदा होंगी।

प्रधान देवराम रोत ने कहा कि विधायक गणेश घोघरा को ऐसा कदम उठाने से पहले उच्च अधिकारियों अथवा कांग्रेस के मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करनी चाहिए थी। देवराम रोत ने कहा कि अधिकारियों को बंधक बनाने, विधायक गणेश घोघरा द्वारा इस्तीफा भेजने और विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने जैसी घटनाओं से कांग्रेस पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है वही राज्य सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रधान देवरा देवराम और पूर्व प्रधान राधादेवी घाटिया ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा पर पिछले 3 सालों के दौरान क्षेत्र के पूर्व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के भी आरोप लगाए।

## घर में अकेली महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### घटना की सुचना देने वाले युवक पर ही परिजनों ने लगाया दुष्कर्म कर हत्या का आरोप

**सीमलवाड़ा।** जिले की धम्बोला थाना क्षेत्र के झलाप ओडा गांव में पीहर में रह रही एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना की सुचना देने वाले युवक पर ही परिजनों ने दुष्कर्म कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की झलाप ओडा निवासी पोपटलाल पिता सोमा डामोर ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में पोपटलाल ने बताया की उसकी चार संतान है। जिसमे तीसरी बेटी वाली की शादी चार साल पहले करवाई थी लेकिन ससुराल पक्ष से नहीं बनने के चलते वह अपने पीहर में ही रह रही थी। कल पोपटलाल का पूरा परिवार एक सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दीपपुरा गए हुए थे।घर पर उसकी तीसरी बेटी वाली अकेली थी। कल शाम को गाँव के राजेश पाण्डोर का फोन उसके बेटे धुलेश्वर के पास आया था। जिसमे राजेश ने धुलेश्वर को घर आने की बात कही थी। जिस पर घुलेश्वर कार्यक्रम से निकलकर घर पहुंचा। इस दौरान धुलेश्वर ने देखा की घर के अंदर वाली खांट पर पड़ी हुई थी। राजेश ने बताया की वाली ने फांसी लगा ली थी मै किसी काम से घर आया था और वाली को घर के अंदर फंदे से लटका हुआ देखा जिस पर उसने रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा था।

इसके बाद सब परिजन घर पहुंचे और पुलिस को सुचना दी। सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज पुलिस व परिजन सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। इस दौरान पोपटलाल ने घटना की सुचना देने वाले राजेश पाण्डोर पर वाली के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या का आरोप लगाया है। इधर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवती से रेप के दोषी को 20 साल की कड़ी कैद, 1 लाख 16 हजार का जुर्माना लगाया, ढाई साल पहले हुई थी वारदात

**डूंगरपुर।** कपड़े सिलवाने जा रही एक युवती का जबरन अपहरण कर रेप के केस में आरोपी को कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही दोषी पर 1 लाख 16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। रेप की ये घटना ढाई साल पहले धंबोला थाना क्षेत्र में हुई थी।

विशिष्ट न्यायालय पॉक्सो कोर्ट ने आज गुरुवार को रेप केस में सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुनाया है। विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की 7 अक्तूबर 2019 को पीड़िता ने धंबोला थाने में केस दर्ज करवाया था। इसमें बताया की 22 सितंबर 2019 को वह कपड़े सिलवाने और फटे कपड़ो को ठीक करवाने पैदल पैदल जा रही थी। उसी समय आरोपी राजकुमार उर्फ राजू उर्फ राजेश पुत्र अमीरा उर्फ अमीर उर्फ हमीरा निवासी डाकनमारिया बाइक लेकर उसे रास्ते में मिला। आरोपी ने बाइक रोककर घर तक छोड़ने के लिए कहा। इस पर पीड़िता ने उसे मना कर दिया तो आरोपी राजकुमार ने डरा धमका कर उसे जबरन बाइक पर बैठा दिया। इसके बाद आरोपी उसे घर ले गया। आरोपी ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और रेप करता रहा। कुछ दिन उसे मामा के घर ले जाकर भी रेप किया। इसके बाद वापस घर लेकर आया। 6 अक्तूबर 2019 को आरोपी राजकुमार समेत परिवार के लोग किसी की मौत पर बैठने के लिए गए। उसी समय वह मौका पाकर घर से निकल गई। पैदल पैदल वह अपने घर पहुंची और परिवार के लोगो को रेप की वारदात के बारे में बताया। इसके बाद पीड़िता अपने परिवार के लोगो के साथ थाने ड्डह पहुंची और वारदात को रिपोर्ट दर्ज करवाई।

विशिष्ट लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया की मामले में पुलिस ने जांच करते हुए कोर्ट में चालान पेश किया। इस मामले में आज आखरी सुनवाई पूरी करते हुए कोर्ट ने आरोपी राजकुमार उर्फ उर्फ राजू उर्फ राजेश को विभिन्न धाराओं में दोषी माना हैं। कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वही 1 लाख 16 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीड़ित प्रतिकार दिलाने की भी अनुशंसा की है।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही बरतने वाले ग्राम विकास अधिकारियों को थमाए नोटिस

**सीमलवाड़ा।** पंचायत समिति सीमलवाडा सभागार में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित मीटिंग विकास अधिकारी ललित कुमार पंड्या एवं एक्सईएन आरडी किशन नोगिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मीटिंग में सभी ग्राम विकास अधिकारियों को पीएम आवास से संबंधित मॉनिटरिंग के अभाव के बारे में चर्चा की गई साथ ही प्रधानमंत्री आवास के वर्ष 2021- 22 में तृतीय किस्त के आवासों को 31 मार्च तक पूर्ण कराने के सख्त निर्देश जारी किए गया साथ ही इसी संबंध में वर्ष 2021-22 के द्वितीय किस्त के पूर्ण आवासों को भी पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए ।

इस मौके पर अधिशाषी अभियंता नोगिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की न्यूनतम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए आवास प्रभारी सुखदेव रोत को ब्लॉक में वर्ष 2021-22 के अंतर्गत लाभार्थियों की बकाया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की संख्या अन्य पंचायत समितियों की तुलना में अत्यंत न्यून होने के कारण नोटिस दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की न्यूनतम प्रगति एवं मॉनिटरिंग के अभाव में ग्राम पंचायत थाम का तालाब, धोधरा, बाकडा, भादर , शिथल एवं सरथुना के ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस थमाया गया और स्पस्टीकरण मांगा गया। साथ ही सभी प्रधानमंत्री आवास की क़िस्त का भुगतान 31 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

## मानसून में करीब 6 लाख पौधों का वितरण व पौधरोपण करेगा वन विभाग

### मानसून से पूर्व पौधरोपण व वितरण की तैयारियों में जुटा वन विभाग

**डूंगरपुर।** वन विभाग मानसून पूर्व पौधरोपण व वितरण की तैयारियो में जुट गया है। वन विभाग की ओर से इस वर्ष 1260 हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा। जिसमे 3 लाख 27 हज़ार पौधे लगाए जाएंगे। वही 2 लाख 60 हजार पौधों का आमजन को वितरण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग की 16 नर्सियो में पौधे तैयार किये जा रहे है। वन विभाग ने स्थानीय मांग के अनुरूप वितरण के लिए पौधे तैयार किये है। वन विभाग के उपवन संरक्षक सुपोंग शशि ने बताया की मानसून को लेकर वन विभाग पौधरोपण की तैयारियो में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया की जिले में इस बार पिछले साल के 863 हेक्टेयर की अपेक्षा इस वर्ष 1260 हेक्टेयर वन भूमि पर 3 लाख 27 हज़ार पौधे लगाकर वन क्षेत्र को हरा भरा किया जाएगा। इससे आने वाले दिनों में यह पौधे बड़े होकर यहां के पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। डूंगरपुर जिले के उपवन संरक्षक सुपोंग शशि ने बताया कि डूंगरपुर में जून के आखिर तक मानसून पहुंच जाता है। इसी के साथ ही जिले में खाली पड़ी वन भूमि और पहाड़ियों पर इस बार पौधारोपण को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले में इस बार 3 लाख 27 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वही इसके अलावा 2 लाख 60 पौधे वितरण का अलग से लक्ष्य रखा गया है। उपवन संरक्षक सुपोंग शशि ने बताया कि जिले में पौधरोपण व वितरण का करीब 6 लाख का लक्ष्य है ऐसे में इसके लिए विभाग की ओर से 16 नर्सरियों में 6 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार जिले की जरूरत के अनुसार महुआ, सागवान और सीताफल खेर, बेर, देशी बबूल, बांस, आंवला, नीम सहित अन्य स्थानीय प्रजातियों के पौधे ज्यादा लगाए जाएंगे। जिससे आने वाले समय में ये पौधे बड़े होकर यहां के लोगों को इनसे फल और फूल मिल सके। जिससे स्थानीय निवासियों को आजीविका भी मिलेगी।

## पेपर लीक के पीछे बेरोजगारीः गहलोत

### रोजगार नहीं मिलेगा तो क्राइम बढ़ेगा, पर्चा आउट कराने की गैंग्स बनेंगी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने की घटनाओं के पीछे बेरोजगारी को कारण बताया है। रीट के बाद अब पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर आउट होने के सवाल पर गहलोत ने कहा- पूरे देश के राज्यों में पर्चे आउट हो रहे हैं। हाल ही में बिहार, पंजाब में भी पर्चे आउट हुए हैं। देश में यह एक गैंग बन गई है, यह भी उसी का एक परिणाम है जो बेरोजगारी फैल रही है। देश में बेरोजगारी का मुद्दा बना हुआ है। गहलोत ने कहा- जो क्राइम हो रहा है, रेप हो रहे हैं काफी हद तक उसके पीछे भी कारण होता है कि आदमी जब फ्रस्ट्रेशन में होता है तो क्राइम करता है, नशा करता है, क्या क्या नहीं करता? रोजगार नहीं मिलेगा तो क्राइम बढ़ेगा और पेपर लीक जैसी घटनाएं गैंग बनाकर होंगी जो कि हो रही हैं। हर राज्य में होने लगी हैं। यूपी में बहुत बड़ी घटना हुई थी।

यह चिंता का विषय है। राजस्थान में कानून पास किया है। हम सुनिश्चित करेंगे कि युवाओं को रोजगार मिले। इतनी बड़ी संख्या में नौकरियां निकाली हैं, उसका फायदा तो मिले।


## सुरभि काम्प्लेक्स में नगर पालिका शिफ्ट, कल होगा उद्घाटन

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा का नया भवन बनने को है। ऐसे में पुराने भवन को तोड़ कर वहां व्यावसायिक काम्प्लेक्स बनाया जाना है।

जिसे देखते हुए नगर पालिका को सुरभि काम्प्लेक्स में शिफ्ट किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि एसडीएम कार्यालय के सामने स्थित सुरभि काम्प्लेक्स में नगर पालिका को शिफ्ट किया जा रहा है । जिसका उद्घाटन शुक्रवार दोपहर 12.20 बजे संत उदयराम जी महाराज के हाथों किया जाएगा।

## भीखाभाई माही नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा, सदस्यों ने जताया रोष

### पंचायत समिति सागवाड़ा की साधारण सभा की बैठक



**सागवाड़ा।** पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भीखाभाई सागवाड़ा माही नहर का पानी खेतों तक नहीं पहुंचने पर पंचायत समिति सदस्यों ने रोष जताया। प्रारंभ में पंचायत प्रसार अधिकारी हेमन्त भावसार ने गत बैठक के बाद हुई कार्रवाई का वाचन किया। जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र परमार ने कहा कि भीखाभाई सागवाड़ा माही नहर का फायदा यहां के किसानों को नही मिल रहा। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के चलते कुंओं तथा हेण्डपम्प का पानी नीचे चला गया है जिससे ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माही विभाग के कनिष्ठ अभियन्ता विकास पाटीदार ने बताया कि नहर के साथ वितरिकाओं का काम होता तो नहर में पानी पहुंच जाता। पाटीदार ने बताया कि निठाउवा के बाद से सागवाड़ा तक गढ़ी डिविजन में आता है तथा वो ही बता सकेंगे कि क्या स्थिति है। उपखण्ड अधिकारी रामचन्द्र खटीक ने आगामी बैठक में गढ़ी के अधिकारी को भी भाग लेने के निर्देश दिए। ठाकरड़ा की यादव बस्ती मार्ग पर भरा नाली का गन्दा पानी सार्वजनिक निर्माण विभाग की सहायक अभियन्ता शिल्पा पाटीदार ने क्षेत्र में चल रहे सडक़ कार्य की जानकारी सदन को दी। पंचायत समिति सदस्य जयन्तीलाल कटारा ने ठाकरड़ा की यादव बस्ती मार्ग पर नाली का गन्दा पानी भरा रहने से ग्रामवासी एवं बस्तीवासियों के आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। सडक़ के ऊंचा नीचा होने से पानी भर रहा है। उपखण्ड अधिकारी खटीक ने आगामी 27 मई को ठाकरड़ा के शिविर में मौका देखने तथा समस्या का सामाधान कराने का भरोसा दिया। जिला परिषद सदस्य रेखा रोत ने कृषि विभाग से समय पर किसानों को बीज मुहैया कराने, सरपंच जगन्नाथ ननोमा ने पाड़वा में बीज की दुकान नहीं खलने की शिकायत की। महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी के बैठक में भाग नहीं लेने पर सदस्यों ने हंगामा किया। छाणी सरपंच कैलाश रोत ने बताया कि विभाग के अधिकारी कभी भी बैठक में भाग नहीं लेते हैं जिससे योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है। सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र के कई आंगनवाड़ी केन्द्र नहीं खुलते है। विद्युत निगम ग्रामीण के सहायक अभियन्ता अरविन्द पाटीदार ने बताया कि देश में कोयला की कमी तथा बिजली की मांग के बढऩे से कटौती हो रही है। सदस्यों ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते पेयजल के लिए परेशानी हो रही है। प्रारंभ में विकास अधिकारी मनोज दोसी ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान उप प्रधान नरेश पाटीदार भी मौजूद रहे।